अतुल जैन
अध्यक्ष
तथा पदेन सचिव, भारत सरकार

**ATUL JAIN**
**CHAIRMAN**
**& *ex-officio* Secretary**
**to the Government of India**


सत्यमेव जयते


भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
केन्द्रीय जल आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF JAL SHAKTI
DEPTT. OF WATER RESOURCES , RD & GR
CENTRAL WATER COMMISSION


दिनांक 10 सितंबर, 2025

# अपील

**प्रिय साथियों,**

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

देश की एकता में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए 14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया था कि स्वतंत्र भारत की राजभाषा देवनागरी में लिखी हिन्दी होगी। इस महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय की पावन स्मृति में हम प्रति वर्ष 14 सितंबर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाते हैं।

हिन्दी देश की सर्वाधिक लोकप्रिय एवं व्यापक भाषा है। सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग पहले की तुलना मे काफी बढ़ा है। सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर में हिन्दी को अधिकाधिक व्यापक एवं प्रचलित बनाने के लिए इसे तकनीक से भी जोड़ दिया गया है। साथ ही सामयिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक को और भी बेहतर बनाया जा रहा है।

राजभाषा का प्रचार-प्रसार करना हमारा एक संवैधानिक दायित्व है। पिछले कुछ वर्षों में केन्द्रीय जल आयोग और इसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी के प्रचलन एवं प्रयोग में निरंतर वृद्धि हुई है। हम सरकारी कार्यों में कठिन शब्दों के प्रयोग से बचें और सरल तथा आम बोलचाल के शब्दों का प्रयोग करें ताकि जन-साधारण भी इसे अच्छी तरह समझ सके एवं अपना सके।

मैं, इस अवसर पर केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) तथा इसके सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि वे अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करके केन्द्रीय जल आयोग को गौरवान्वित करें। हमारे सामूहिक प्रयास से ही इसमें सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। हिंदी पखवाड़ा-2025 के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लें साथ ही, हमारा प्रत्येक दिवस हिंदी दिवस हो, ऐसी भावना से हम हिंदी को अपने दैनिक सरकारी कार्यों में अपनाएं।

आइए, इस पावन अवसर पर शपथ लें कि हम अपना अधिकाधिक सरकारी कार्य हिन्दी में ही करेंगे और राजभाषा के प्रचार-प्रसार में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

अतुल जैन

**(अतुल जैन)**


द्वितीय तल (द), सेवा भवन,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066
दूरभाष : 011-20861511, 26195415
ई-मेल : chairman-cwc@nic.in

2nd Floor (S), Sewa Bhawan
R.K. Puram, New Delhi-110066
Tel. : 011-20861511, 26195415
E-mail : chairman-cwc@nic.in



जल संरक्षण - जीवन संरक्षण
Conserve Water - Save Life